ऐसा व्यक्ति हरगिज़ जहन्नम में प्रवेश नहीं करेगा, जो बद्र तथा हुदैबिया में शरीक रहा हो।

जाबिर -रज़ियल्लाहु अंहु- कहते हैं कि अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमायाः "ऐसा व्यक्ति हरगिज़ जहन्नम में प्रवेशनहीं करेगा, जो बद्र तथा हुदैबिया
में शरीक रहा हो।"
[सह़ीह़] [इसे अह़मद ने रिवायत किया है।]

इस हदीस का अर्थ यह है कि कोई ऐसा व्यक्ति जहन्नम में प्रवेश नहीं कर सकता, जो अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- के साथ बद्र युद्ध एवं हुदैबिया संधि में शामिल रहा हो। यह इन दो अवसरों पर अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- के साथ रहने वाले सहाबा के लिए बहुत बड़ा सुसमाचार है।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/11148